Regarding railway issues

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र थावे से नई दिल्ली की ओर और अन्य महानगरों के लिए सुपरफास्ट ट्रेन चलाने के लिए ध्यान आकृष्ट करना चाह रहा हूं । संसद के रूल 377, अनस्टार्ड, स्टार्ड, जीरो ऑवर एवं बजट डिबेट के माध्यम से लगातार पिछले साढ़े 4 सालों से मैं थावे जंक्शन से सुपर फास्ट ट्रेन संचालन की मांग कर रहा हूं । यहां कामर्शियल फीजिबिलिटी के साथ-साथ हैवी पैसेंजर ट्रैफिक भी है, लेकिन रेलवे अधिकारियों का जवाब आता है कि यहां से रेवेन्यू नहीं प्राप्त होता है । यहां इतना पैसेंजर ट्रैफिक है कि ट्रेन के अभाव में यहां से डेढ़ सौ से दो सौ प्राइवेट बसेज़ चलती हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि गोपालगंज थावे से सुपर फास्ट ट्रेन दिल्ली एवं अन्य महानगरों को चलाई जाएं और वंदेभारत ट्रेन चलाई जाए ।